Unlocking Literacy: Dyslexia Screening Tool

(डिस्लेक्सिया के प्रारंभिक पहचान और Intervention के लिए मार्गदर्शिका)

अल्पा निगम
प्र. अ. प्राथमिक विद्यालय तिलौली, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)
टूल का लिंक: https://dyslexiatool.imranapps.com

यह टूल क्या है?

Dyslexia Screening for Early Identification एक निःशुल्क web- based टूल है। यह शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों में पढ़ने-लिखने से जुड़ी संभावित कठिनाइयों को व्यवस्थित रूप से पहचानने में सहायता करता है।

इस टूल में मुख्यतः **11 literacy areas** से जुड़े **65** अवलोकन संकेतक शामिल हैं। इसकी सहायता से उपयोगकर्ता:

- बच्चे के पढ़ने और सीखने के व्यवहार को दर्ज कर सकते हैं।
- सहायता की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं।
- बच्चे का समग्र स्क्रीनिंग जोखिम स्तर देख सकते हैं।
- कक्षा और घर में कराई जा सकने वाली गतिविधियाँ प्राप्त कर सकते हैं।
- स्क्रीनिंग रिपोर्ट को प्रिंट या PDF के रूप में सुरक्षित कर सकते हैं।

यह टूल तीन भाषा विकल्पों में उपलब्ध है:

- अंग्रेज़ी
- हिन्दी
- हिन्दी और अंग्रेज़ी का संयुक्त रूप

इसमें **OpenDyslexic Font** का विकल्प भी है, जिससे कुछ बच्चों और उपयोगकर्ताओं के लिए शब्दों को पढ़ना अधिक सुविधाजनक हो सकता है।

महत्त्वपूर्ण: यह केवल एक शैक्षिक स्क्रीनिंग टूल है। यह डिस्लेक्सिया का चिकित्सीय या नैदानिक परीक्षण नहीं करता। औपचारिक निदान केवल योग्य विशेषज्ञ द्वारा किया जाना चाहिए।

इस टूल का उपयोग कौन कर सकता है?

इस टूल का उपयोग शिक्षक, अभिभावक व ARP कर सकते हैं । यह टूल **4** से **14** वर्ष के बच्चों के लिए बनाया गया है।

चूंकि यह टूल बच्चे के observable behaviour पर आधारित है इसलिए टूल का उपयोग करने वाले व्यक्ति को बच्चे के नियमित पढ़ने और सीखने के व्यवहार की जानकारी होनी चाहिए।यह ध्यान भी रखना होगा कि स्क्रीनिंग किसी एक घटना के आधार पर नहीं की जाये। उत्तर कम-से-कम दो से चार सप्ताह के नियमित अवलोकन पर आधारित होने चाहिए।

टूल चलाने के लिए क्या चाहिए?

टूल का उपयोग करने के लिए मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप या कंप्यूटर, वेबसाइट खोलने के लिए इंटरनेट , बच्चे के नियमित पढ़ने और सीखने के व्यवहार की जानकारी तथा संकेतकों को ध्यान से पढ़ने के लिए लगभग 15 से 25 मिनट

वेब ब्राउज़र में यह लिंक खोलें: https://dyslexiatool.imranapps.com

इसके लिए किसी अलग ऐप को इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं है।

होम स्क्रीन को समझना

होम स्क्रीन पर टूल का परिचय और इसकी प्रमुख विशेषताएँ दिखाई देती हैं।

विकल्प	कार्य
Start Student Screening	नई स्क्रीनिंग शुरू करना
Framework & Background	टूल की शोध पृष्ठभूमि और संरचना देखना
Dyslexia Font	स्क्रीन के अक्षरों को OpenDyslexic Font में बदलना
Dual	हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाएँ साथ दिखाना
EN	केवल अंग्रेज़ी में सामग्री दिखाना
हिन्दी	केवल हिन्दी में सामग्री दिखाना
About & Credits	टूल और इसके निर्माण से संबंधित जानकारी देखना



साक्षरता के 11 स्क्रीनिंग क्षेत्र



इन क्षेत्रों से शिक्षक यह समझ सकेंगे कि सभी बच्चों की कठिनाइयाँ अलग अलग होती हैं । किसी बच्चे को अक्षर और ध्वनि जोड़ने में कठिनाई हो सकती है, जबकि दूसरा बच्चा शब्द पढ़ सकता है लेकिन उनका अर्थ नहीं समझ पाता।

नई स्क्रीनिंग कैसे शुरू करें?

चरण 1: निर्देश पढ़ें

Start Student Screening बटन दबाएँ और पर्यवेक्षक के निर्देश पढ़ें।

ध्यान रखें:

- उत्तर 2–4 सप्ताह के नियमित अवलोकन पर आधारित हों।
- भाषा के लिए **Dual, EN** या हिन्दी विकल्प चुनें।
- दो या अधिक क्षेत्रों में कठिनाई होने पर सभी 11 क्षेत्रों की स्क्रीनिंग करें।
- स्क्रीनिंग शांत वातावरण में सामान्य कक्षा व्यवहार के आधार पर करें।

चरण 2: विद्यार्थी की जानकारी भरें



निम्नलिखित जानकारी दर्ज करें:

- विद्यार्थी का नाम या पहचान संकेत
- आयु
- पर्यवेक्षक या शिक्षक का नाम

गोपनीयता के लिए विद्यार्थी के नाम के स्थान पर कोड का प्रयोग किया जा सकता है। इसके बाद **Proceed to Screening Questions** दबाएँ।

चरण **3:** प्रश्नावली पूरी करें

प्रश्नावली में 11 साक्षरता क्षेत्रों के 65 संकेतक हैं।

- केवल नियमित रूप से देखी गई कठिनाइयों को चुनें।
- एक घटना के आधार पर संकेतक न चुनें।
- अनुमान न लगाएँ और बच्चे की दूसरों से तुलना न करें।
- स्क्रीन पर चुने गए संकेतकों की संख्या, प्रतिशत और क्षेत्रवार प्रगति देखें।
- आवश्यकता होने पर **Reset All** का उपयोग करें।
- भाषा को कभी भी **Dual, EN** या हिन्दी में बदला जा सकता है।

अंत में **Generate Report** या **Complete & View Screening Report** दबाएँ।



स्क्रीनिंग रिपोर्ट को समझना



उच्च जोखिम का परिणाम डिस्लेक्सिया की पुष्टि नहीं करता। इसी प्रकार कम जोखिम का परिणाम सभी प्रकार की सीखने की कठिनाइयों को पूरी तरह नकारता नहीं है।

प्राथमिक कठिनाई वाले क्षेत्रों को समझना

जिस साक्षरता क्षेत्र में 40 प्रतिशत या उससे अधिक संकेतक चुने जाते हैं, उसे रिपोर्ट में प्राथमिक कठिनाई वाला क्षेत्र दिखाया जाता है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि बच्चा असफल हो गया है। इसका अर्थ है कि इन क्षेत्रों पर सबसे पहले सहायता देने की आवश्यकता है।

केवल कुल स्क्रीनिंग अंक देखने के स्थान पर प्रत्येक क्षेत्र के परिणाम को देखना महत्त्वपूर्ण है। बच्चे का समग्र जोखिम कम हो सकता है, लेकिन फिर भी किसी एक क्षेत्र में उसे विशेष सहायता की आवश्यकता हो सकती है।



सुझाई गई हस्तक्षेप गतिविधियाँ

रिपोर्ट बच्चे के प्राथमिक कठिनाई वाले क्षेत्रों के अनुसार कक्षा और घर में कराई जा सकने वाली गतिविधियाँ सुझाती है।



जैसा कि इस चित्र में दिखायी दे रहा है कि कठिनाई वाले क्षेत्र पठन, सुनना और बोलना है जिसके आधार पर intervention की सुझावात्मक गतिविधियां दी गई हैं । इन गतिविधियों की खास बात यह है कि इन्हें यूनिवर्सल डिज़ाइन फॉर लर्निंग के आधार पर बनाया गया है ।

प्रत्येक गतिविधि के साथ **Activity Guide** उपलब्ध है। इसे खोलकर शिक्षक गतिविधि कराने की पूरी विधि देख सकता है।

गतिविधियाँ करवाते समय ध्यान रखें कि गतिविधियां:

- छोटी और मनोरंजक हों।
- बच्चे के वर्तमान स्तर के अनुसार हों।
- नियमित रूप से दोहराई जाएँ।
- डर, दंड या शर्मिंदगी से मुक्त हों।
- बच्चे की प्रगति के अनुसार बदली जाएँ।

रिपोर्ट को सुरक्षित करना

रिपोर्ट में **Print/Save PDF** का विकल्प दिया गया है।

शिक्षक रिपोर्ट का उपयोग इन कार्यों के लिए कर सकते हैं:

- विद्यालय रिकॉर्ड के लिए प्रति सुरक्षित करना
- अभिभावकों के साथ चर्चा करना

- कक्षा हस्तक्षेप की योजना बनाना
- आवश्यक शैक्षिक सुविधाओं को दर्ज करना
- विशेषज्ञ मूल्यांकन की अनुशंसा करना
- बाद की स्क्रीनिंग से प्रगति की तुलना करना

रिपोर्ट में निम्नलिखित के लिए भी स्थान है:

- कक्षा शिक्षक या विशेष शिक्षक की टिप्पणी
- शिक्षक या पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर
- विद्यालय प्रमुख या परामर्शदाता के हस्ताक्षर

स्क्रीनिंग के बाद क्या करें?



प्रगति दर्ज करने के लिए शिक्षक इस प्रकार की तालिका बना सकते हैं:

तारीख	लक्ष्य कौशल	कराई गई गतिविधि	बच्चे की प्रतिक्रिया	अगला कदम
5 जुलाई	शब्द पहचान	Word Hunt	10 में से 6 शब्द पहचाने	उन्हीं शब्दों का फिर अभ्यास
12 जुलाई	शब्द पहचान	Word Hunt	10 में से 9 शब्द पहचाने	पाँच नए शब्द जोड़ें

19 जुलाई	श्रवण	Instructional Drawing	दो चरणों वाले निर्देश पूरे किए	तीन चरणों वाले निर्देश दें

बच्चे का आकलन केवल एक गतिविधि के आधार पर न करें। कुछ समय तक उसकी प्रगति का नियमित अवलोकन करें।

शिक्षक और अभिभावक क्या याद रखें?

1. डिस्लेक्सिया आलस्य या कम बुद्धि के कारण नहीं होता।
2. पढ़ने में कठिनाई वाले बच्चे को दंडित या शर्मिंदा न करें।
3. स्क्रीनिंग और औपचारिक निदान अलग-अलग प्रक्रियाएँ हैं।
4. टूल के साथ शिक्षक के अवलोकन और अभिभावकों की जानकारी भी आवश्यक है।
5. भाषा में अंतर और अनियमित विद्यालयी उपस्थिति भी पठन को प्रभावित कर सकती है।
6. सहायता बच्चे के वर्तमान सीखने के स्तर से शुरू होनी चाहिए।
7. परिणाम अभिभावकों को सम्मानपूर्वक और स्पष्ट भाषा में समझाएँ।
8. विद्यार्थी की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखें।
9. लगातार या गंभीर कठिनाई होने पर योग्य विशेषज्ञ की सहायता लें।
10. स्क्रीनिंग का उद्देश्य सहायता देना है, बच्चे पर लेबल लगाना नहीं।

सामान्य समस्याएँ और समाधान

समस्या	समाधान
वेबसाइट नहीं खुल रही	इंटरनेट जाँचें और लिंक दोबारा लिखें
अक्षर पढ़ने में कठिनाई हो रही है	**Dyslexia Font** चुनें या ब्राउज़र का ज़ूम बढ़ाएँ
हिन्दी में सामग्री चाहिए	हिन्दी या **Dual** विकल्प चुनें
गलती से कोई संकेतक चुन लिया	उसी संकेतक पर दोबारा क्लिक करें
सभी उत्तर हटाने हैं	**Reset All** दबाएँ
रिपोर्ट अधूरी है	**Review/Edit** में जाकर उत्तर जाँचें
रिपोर्ट की प्रति चाहिए	**Print/Save PDF** चुनें
बच्चे का जोखिम उच्च है	लक्षित सहायता शुरू करें और विशेषज्ञ से परामर्श लें

बच्चा घबरा रहा है	सीधा परीक्षण रोकें और प्राकृतिक व्यवहार का अवलोकन करें
पर्याप्त जानकारी नहीं है	कुछ और समय तक बच्चे का अवलोकन करें

इस टूल का शैक्षिक महत्त्व

यह टूल शिक्षक को केवल यह कहने के स्थान पर कि "बच्चा पढ़ नहीं सकता", बच्चे की वास्तविक आवश्यकता समझने में सहायता करता है।

इससे शिक्षक पहचान सकते हैं कि बच्चे को किस क्षेत्र में सहायता चाहिए:

- पढ़ने में रुचि
- सुनना
- बोलना
- अक्षर-ध्वनि संबंध
- ध्वनि-जागरूकता
- शब्द पहचान
- प्रिंट चेतना
- पठन प्रवाह
- पठन-बोध
- लेखन
- संदर्भ और अर्थ निर्माण

यह टूल स्क्रीनिंग को व्यावहारिक गतिविधियों से भी जोड़ता है। इसलिए यह केवल कठिनाई पहचानने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षक को आगे की शैक्षिक सहायता की योजना बनाने में भी मदद करता है।

विशेषज्ञ सेवाओं की सीमित उपलब्धता वाले विद्यालयों में यह अवलोकन, हस्तक्षेप, संवाद और उचित रेफरल की शुरुआत के लिए उपयोगी हो सकता है।



निष्कर्ष

डिस्लेक्सिया स्क्रीनिंग टूल का विचार मेरी वास्तविक कक्षा समस्या से शुरू हुआ।मेरी कक्षा के कुछ बच्चे अतिरिक्त अभ्यास के बाद भी पढ़ने

और निर्देश समझने में कठिनाई महसूस कर रहे थे। उनकी समस्या को सुलझाने के उद्देश्य से इस टूल का निर्माण किया गया क्योंकि डिस्लेक्सिया के मानक टेस्ट टूल बहुत महंगे होते हैं जो ग्रामीण परिवेश के गरीब बच्चों की पहुँच से बहुत दूर होते हैं ।

यह टूल साक्षरता के 11 क्षेत्रों में बच्चे की कठिनाइयों का व्यवस्थित अवलोकन करने में सहायता करता है। यह समग्र स्क्रीनिंग परिणाम देता है, प्राथमिक कठिनाई वाले क्षेत्र बताता है और उपयुक्त गतिविधियाँ सुझाता है।

इसका उद्देश्य बच्चों का निदान करना या उन पर कोई लेबल लगाना नहीं है। इसका उद्देश्य कठिनाइयों की जल्दी पहचान करना और बच्चों को समय पर संवेदनशील तथा उपयुक्त सहायता देना है।